# एक्सप्रेसवे के किनारे थीम पार्क और वेडिंग हॉल बनेंगे

- बजट होटल, ढाबा, फूड कोर्ट, शोरूम, वर्कशाप व ट्रक चालक जोन बनेंगे
- इसके लिए 120 भूखंड सरकार निजी कंपनियों को आवंटित करेगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी के एक्सप्रेसवे अब बहुउद्देशीय होने जा रहे हैं। आसानदेह सफर के साथ-साथ एक्सप्रेस वे अब तमाम जनउपयोगी सुविधाओं से लैस होंगे। इसकी शुरुआत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे थीम पार्क बनाने से होगी। यही नहीं एक्सप्रेस के दाए-बाएं मैरिज हाल भी होंगे।

यूपीडा ने इसके लिए जमीन चिन्हित करते हुए पूरी तैयारी कर ली है। पूर्वांचल एक्सप्रेस के दोनों ओर चार-चार जोन बनेंगे जबकि बुंदेलखंड एक्सप्रेस के दोनों ओर दो-दो जोन बनेंगे। इन सभी 12 जोन में 120 प्लाट आवंटित होंगे। यह प्लाट 4500 से 8500 वर्गमीटर के होंगे। सरकार ने इन्हें निजी कंपनियों व संस्थाओं को अधिकतम बोली के आधार पर लीज पर दिया जाएगा। यह लीज 30 साल के लिए होगी। इसे बाद में 15 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।